C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 252 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 11 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## गैस पर जंग का असरः कॉमर्शियल सिलेंडर गायब

### कीमतों के अंतर से कालाबाजारी का खेल तेज होने की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

देश में रसोई गैस (एलपीजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की उपलब्धता पर संकट गहराने लगा है। मध्य-पूर्वी देशों में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। स्थिति को देखते हुए तेल-गैस कंपनियों ने फिलहाल कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडरों की बिक्री को सीमित कर दिया है। कंपनियों के इस फैसले के बाद बाजार में एक नई समस्या खड़ी होने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की कमी का फायदा उठाकर घरेलू सिलेंडरों से अवैध तरीके से गैस भरकर उसे ब्लैक में बेचा जा सकता है। मौजूदा समय में सरकार और तेल कंपनियों के पास घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी या उनसे अवैध रिफिलिंग को रोकने का कोई सख्त और प्रभावी मैकेनिज्म मौजूद नहीं है।

#### घरेलू गैस से कॉमर्शियल सिलेंडर बनाने का खेल

जानकारी के अनुसार तीन घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर दो कॉमर्शियल सिलेंडर तैयार किए जा सकते हैं। जयपुर में वर्तमान में एक घरेलू सिलेंडर की कीमत लगभग 916.50 रुपए है। इस हिसाब से तीन सिलेंडर करीब 2750 रुपए में पड़ते हैं।वहीं इन दिनों बाजार में दो कॉमर्शियल सिलेंडरों की कीमत करीब 3822 रुपए तक पहुंच रही है। कीमत के इस अंतर के कारण अवैध रिफिलिंग करने वालों को बड़ा मुनाफा हो सकता है, जिससे कालाबाजारी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

#### कीमतों में बड़ा अंतर

कॉमर्शियल गैस की कीमत करीब 100.57 रुपए प्रति किलोग्राम है, जबकि घरेलू गैस लगभग 64.50 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से



मिलती है। यानी दोनों के बीच करीब 36 रुपए प्रति किलोग्राम का अंतर है। इसी वजह से घरेलू सिलेंडर से कॉमर्शियल सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग करने पर एक कॉमर्शियल सिलेंडर की लागत करीब 1227 रुपए तक आ जाती है, जबकि बाजार में इसकी कीमत इससे कई गुना अधिक है।

#### आम उपभोक्ता भी हो रहे परेशान

गैस की किल्लत का असर अब सिर्फ कॉमर्शियल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहा है। कई जगह घरेलू उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर मिलने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। तेल कंपनियों द्वारा जारी ऑटोमेटिक गैस बुकिंग नंबरों पर भी कॉल लगना मुश्किल हो रहा है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

## बहन की शादी में भाई पर चाकू से हमला, झगड़ा शांत कराने गया युवक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित ।** शहर में बहन की शादी के दौरान झगड़ा शांत कराने गए युवक पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को तुरंत एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मामला विज्ञान नगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार नेहरू कॉलोनी नयापुरा निवासी 21 वर्षीय नारायण सिंह पुत्र महावीर सिंह की बहन की शादी का कार्यक्रम महावीर भवन स्थित एक मैरिज गार्डन में चल रहा था। इसी दौरान गार्डन के बाहर कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई।

विवाद बढ़ता देख नारायण सिंह मौके पर पहुंचा और झगड़ा शांत कराने का प्रयास करने लगा। लेकिन बीच-बचाव करना उसे ही भारी पड़ गया। आरोप है कि वहां मौजूद करीब 8 से 10 युवकों ने नारायण सिंह पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने उस पर करीब 5 से 6 वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद शादी समारोह में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और अन्य लोग घायल युवक को तुरंत एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस हमलावर युवकों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

## बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, ट्रेलर व जेसीबी मशीन जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**( रोशन )**।क्षेत्र के गेता पारोली के समीप बनास नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ जिला स्पेशल टीम और बड़लियास थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर और एक जेसीबी मशीन जब्त की है।

थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी टीम और पुलिस ने गेता पारोली के पास बनास नदी क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से बजरी का खनन और परिवहन करते हुए एक ट्रेलर तथा एक जेसीबी मशीन को मौके से जब्त किया गया।

जब्त किए गए ट्रेलर और जेसीबी मशीन को पुलिस ने थाने लाकर खड़ा कर दिया है तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में दीवान बजरंग लाल, कांस्टेबल सूरज्ञान, अनिल कुमार, अशोक महिया और दिनेश कुमार सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## शादी समारोह में दो गुटों में झगड़ा, लाठी-पत्थर और कुर्सियों से हमला; आठ लोग घायल

### सोलंकिया का खेड़ा गांव में घटना, दो घायल भीलवाड़ा रेफर; पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** कस्बे के निकटवर्ती सोलंकिया का खेड़ा गांव में एक शादी समारोह के दौरान एक ही पक्ष के दो गुटों में आपस में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी, ईंट-पत्थर और कुर्सियों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। इस झगड़े में एक ही गुट के आठ लोग घायल हो गए। घायलों का सवाईपुर चिकित्सालय में उपचार किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा रेफर किया गया। सूचना मिलने पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।



सोलंकिया का खेड़ा निवासी देवराज ने बताया कि उनके यहां भाणजी की शादी थी। भोजन के बाद बारात जा चुकी थी और परिवार के लोग भोजन कर रहे थे। इसी दौरान भाणजी के गांव भारजी का खेड़ा से आए कुछ लोगों ने अचानक ईंट-पत्थरों और कुर्सियों से हमला कर दिया।

इस घटना में सोलंकिया का खेड़ा निवासी बालू सिंह (65) पुत्र विजय सिंह राजपूत, देवराज सिंह (40) पुत्र नारायण सिंह, मदन सिंह (30) पुत्र रतन सिंह, चंदन सिंह (25) पुत्र बालू सिंह, गोविंद सिंह (20) पुत्र कालू सिंह, देवराज सिंह (35) पुत्र श्रवण सिंह तथा ईटावा निवासी कालू सिंह (30) पुत्र सत्तू सिंह घायल हो गए। सभी घायलों को सवाईपुर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से देवराज सिंह पुत्र नारायण सिंह और चंदन सिंह पुत्र बालू सिंह को भीलवाड़ा रेफर किया गया।

वहीं गोपाल सिंह (45) पुत्र धनराज सिंह राजपूत निवासी गोविंदपुरा, मांडलगढ़ को परिजन सीधे भीलवाड़ा लेकर गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शक्करगढ़ सड़क बदहाल, गड्ढों से भरा रास्ता; हादसों का खतरा बढ़ा

### ऊपरमाल रेलवे स्टेशन, सीता का कुंड और रीको क्षेत्र तक जाने वाला मुख्य मार्ग, फिर भी मरम्मत नहीं



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** नगर से शक्करगढ़ जाने वाली मुख्य सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं और कई हिस्सों में मार्ग पूरी तरह ऊबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान, छात्र, मजदूर और आम लोग आवाजाही करते हैं। खराब सड़क के कारण वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के चलते इस मार्ग पर सड़क हादसों में भी इजाफा हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह सड़क क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसी मार्ग से ऊपरमाल रेलवे स्टेशन, प्रसिद्ध शिवधाम सीता का कुंड और रीको औद्योगिक क्षेत्र तक आवागमन होता है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाकर लोगों को राहत दी जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके और आवागमन सुगम हो सके।

## तरुण खटीक हत्याकांड की जांच की उठी मांग, राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दौरान हुई युवक तरुण खटीक की हत्या के मामले को लेकर विभिन्न संगठनों में आक्रोश देखा जा रहा है। इसी क्रम में विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े लोगों ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि होली के अवसर पर पानी के गुब्बारे को लेकर हुए विवाद में 26 वर्षीय तरुण खटीक के साथ मारपीट की गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि घटना गंभीर और चिंताजनक है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

ज्ञापन में मांग की गई कि इस प्रकरण की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए तथा घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग उठाई गई।

संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई से ही समाज में कानून का भय बना रह सकता है। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 9 मार्च को चन्द्रशेखर आजाद नगर निवासी रीना सेन (28) पत्नी विजय सेन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि भवानी सिंह रावत ने उसे जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी भवानी सिंह रावत (36) निवासी न्यू पटेल नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

C M Y K

# अवैध बजरी परिवहन करता ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ) :- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए, एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया । थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास चौधरियास रोड़ पर बीती रात अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । इस कार्रवाई में एएसआई जेठमल, कांस्टेबल अशोक महिया व विनोद गढ़वाल शामिल रहे ।



# जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपितों को 5-5 साल की सजा

## आंखों में मिर्च डालकर लोहे की सरियों और लाठियों से किया था हमला, न्यायालय ने माना हत्या का प्रयास

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के बहुचर्चित जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (संख्या-3) ने त्वरित सुनवाई करते हुए तीन आरोपितों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले में आरोपितों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ 25-25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित करने के आदेश दिए हैं।

प्रकरण के अनुसार परिवादी का भाई प्रकाश अहीर 15 अक्टूबर 2022 को मोटरसाइकिल से होटल की ओर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम तख्तपुरा के पास आरोपितों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि आरोपितों ने पहले उसकी आंखों में मिर्च डाल दी, जिससे वह असहाय हो गया, और इसके बाद लोहे की सरियों व लाठियों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद घायल को मरणासन्न हालत में पहले हमीरगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उसका उपचार किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक अनुराग आचार्य ने न्यायालय में 11 गवाहों के बयान और 15 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने माना कि आरोपितों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया और उनका उद्देश्य हत्या करना था।

न्यायालय ने प्रकरण में प्रकाश अहीर, आनंद अहीर और किशन लाल अहीर को दोषी ठहराते हुए जानलेवा हमले के अपराध में प्रत्येक को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और 25-25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

# SBI बैंक के अंदर महिला के 25 हजार रुपये चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## जहाजपुर बस स्टैंड स्थित बैंक में दिनदहाड़े हाथ साफ; संदिग्ध महिला पर आरोप, पुलिस तलाश में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

कस्बे में बैंक के अंदर चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में अपने काम से आई एक महिला की नकदी पर अज्ञात महिला ने हाथ साफ कर दिया। भीड़भाड़ वाले बैंक परिसर में हुई इस घटना से ग्राहकों में हड़कंप मच गया और बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए। जानकारी के अनुसार जहाजपुर थाना क्षेत्र निवासी आशा शर्मा बैंक से 25 हजार रुपये की नकदी निकालकर अपने काम में व्यस्त थीं। इसी दौरान किसी ने मौका देखकर उनकी नकदी चोरी कर ली। पीड़ित महिला ने बैंक में मौजूद एक संदिग्ध महिला पर चोरी का आरोप लगाया है।

बैंक के अंदर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। एसबीआई जैसी बैंक शाखा में सुरक्षा गार्ड और निगरानी व्यवस्था होने के बावजूद इस तरह की वारदात होना गंभीर चिंता का विषय बन गया है। घटना के बाद ग्राहकों में भी डर का माहौल है।

बताया जा रहा है कि चोरी की यह पूरी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की तलाश कर रही है

घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और आरोपी के ख़िलाफ़ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में आज भव्य फाग महोत्सव

## शीतला सप्तमी पर भजन-कीर्तन के साथ खेली जाएगी फाग, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक।** मेवाड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध आस्था धाम कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में आज भव्य फाग महोत्सव की धूम मचेगी। शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु ठाकुरजी के संग फाग खेलते नजर आएंगे और पूरा वातावरण भक्तिरस और रंगोत्सव से सराबोर रहेगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यापक व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक ट्रक तलनी, चिप्स व पापड़ तैयार किए गए हैं, वहीं 1100 लीटर दही से विशेष औलिया बनाया जाएगा। इसके अलावा दूध,



चावल, शक्कर और ड्राई फ्रूट्स से तैयार प्रसाद भी श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

फाग महोत्सव में भजनों का विशेष आकर्षण रहेगा। इस दौरान भजन गायक गोकुल शर्मा, राजू रावल, पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव और दिनेश राठौड़ सहित कई ख्यातनाम कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं में भक्ति रस बिखेरेंगे। मंदिर परिसर को फूलों और गुलाल से आकर्षक रूप से सजाया गया है। महोत्सव के लिए विशाल स्टेज और पांडाल तैयार किया गया है, जहां हजारों श्रद्धालु भक्ति और रंगोत्सव के इस अनूठे संगम के साक्षी बनेंगे।

# कोटड़ी पंचायत समिति में विकास अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार लोकेश टांक

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

(दिनेश पारिक) जिला परिषद भीलवाड़ा द्वारा पंचायत समिति कोटड़ी में विकास अधिकारी पद को लेकर प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है। विकास अधिकारी रामविलास मीणा को मुख्यालय पंचायती राज विभाग जयपुर भेजे जाने के बाद पंचायत समिति कोटड़ी में रिक्त हुए पद का अतिरिक्त कार्यभार अतिरिक्त विकास अधिकारी लोकेश टांक को सौंपा गया है।

जिला परिषद भीलवाड़ा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि विभागीय निर्देशों के तहत यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। आदेश के अनुसार लोकेश टांक को पंचायत समिति कोटड़ी में विकास अधिकारी का अतिरिक्त



कार्यभार सौंपते हुए राजकीय कोष से राशि आहरण एवं वितरण के लिए भी अधिकृत किया गया है। यह व्यवस्था पंचायत समिति कोटड़ी में नए विकास अधिकारी की पदस्थापना या अग्रिम आदेश जारी होने तक प्रभावी रहेगी।

# टेलरिंग व रेडीमेड गारमेंट की दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**

थाना क्षेत्र के सरदार नगर चौराहे पर सोमवार देर रात एक रेडीमेड गारमेंट और टेलरिंग की दुकान में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा रेडीमेड कपड़ों का स्टॉक, सिलाई मशीनें और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सरदार नगर चौराहे पर संपत कुमावत की 'प्रदीप टेलर' नाम से रेडीमेड गारमेंट और टेलरिंग की दुकान है। सोमवार रात करीब 9:45 बजे कुमावत दुकान बंद कर अपने गांव के लिए रवाना हो गया था। करीब आधे घंटे बाद उसे सूचना मिली कि उसकी दुकान में आग लग गई है। जब वह मौके पर पहुंचा तो दुकान से तेज धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं।

दुकान से धुआं और लपटें उठते देख आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत पुलिस व फायर



ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दुकान मालिक संपत कुमावत ने बताया कि दुकान में जींस, शर्ट, टी-शर्ट सहित बड़ी मात्रा में रेडीमेड गारमेंट रखा हुआ था। इसके अलावा टेलरिंग की सिलाई मशीनें और अन्य सामग्री भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। आग से दुकान की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है ।

# जिला अभिभाषक संस्था में नव गठित कमेटी का स्वागत, अधिवक्ताओं की समस्याओं पर हुआ मंथन

## कलेक्ट्री परिसर स्थित बार रूम में बैठक, पानी, सफाई और बैठने की व्यवस्था सुधारने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला अभिभाषक संस्था की ओर से गठित नई कमेटी का कलेक्ट्री परिसर स्थित बार रूम में स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राठौड़, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान और पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली मौजूद रहे।

रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर ने बताया कि रेवेन्यू संबंधी मामलों और कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं को आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जिला अभिभाषक संस्था द्वारा नव गठित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। इस दौरान रणवीर सिंह राणावत, मांगीलाल सेन, सुरेशचंद्र



सुवालका, जगदीशचंद्र दाधीच, भेरूलाल वैष्णव, ज्योति जागेटिया और सूर्यप्रकाश सरगरा का तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया।

इसके बाद नव गठित कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं को आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने पानी की समस्या, सफाई व्यवस्था, बार रूम के रंग-रोगन, अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था तथा प्रशासनिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय जैसे मुद्दों को कार्यकारिणी के समक्ष रखा।

कार्यकारिणी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान पीरू सिंह गौड़, अनिल पारीक, सरिता स्वर्णकार, आरती कुमावत, भूपेंद्र सिंह चारण, नवीन चेचाणी, अनुराग आडोत, कन्हैयालाल सेन, निक्कीबाला अरोड़ा, जसपाल सिंह भाटी, सुरेश व्यास, मुकेश मारू, हंसराज यादव, दीपक खूबवानी, श्रीनाथ पाराशर, उदयसिंह चारण, दुदाराम कुमावत, श्रवण सेन, मनोहर लालवानी, अनुभव पाराशर, विकास जायसवाल, नीरज चौहान सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# शीतला सप्तमी का पर्व मनाया , अष्टमी आज

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ :**

कस्बे के निकटवर्ती दौलपुरा गांव में रंगों का त्योहार शीतला सप्तमी मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। घरों में जाकर दही का औलिया व मिठाइयां खाई।वहीं कस्बे सहित मानपुरा, सारण का खेड़ा, सहित आदि गांवो में शीतला अष्टमी का त्यौहार बुधवार को मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।शीतला सप्तमी को लेकर



कस्बे में बाजार में अच्छी खासी भीड़ रही ।


# गांवो में शीतला सप्तमी का पर्व मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

कस्बे के निकटवर्ती रानीखेड़ा, थंला,दोवनी गांवो में रंगों का त्योहार शीतला सप्तमी मंगलवार को मनाया गया। ग्रामीणों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। घरों में जाकर दही का औलिया व मिठाइयां खाई। बुधवार को कस्बे सहित चांदगढ़, रघुनाथपुरा,अडसीपुरा, गेतापारोली, श्रीपुरा,गेगा का खेड़ा,जीवा का खेड़ा गांवो में शीतला अष्टमी का



त्यौहार मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



QUICK BITES

## डोबिया गांव में गंदगी से लोग परेशान, मुख्य मार्ग पर फैल रहा गंदा पानी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



(नरेश धाकड़) उपखंड क्षेत्र के डोबिया गांव में गंदगी और कीचड़ के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के मुख्य मार्ग पर एक सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने घर का गंदा पानी छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क पर लगातार कीचड़ जमा हो रहा है।

ग्रामीण नरोत्तम धाकड़ सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह स्थान घुमावदार मोड़ पर स्थित है, जिससे सामने से आने वाले वाहनों का सही अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में कीचड़ के कारण राहगीरों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार यहां कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से मांग की है कि समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

ग्राम पंचायत सचिव गोपाल धाकड़ ने बताया कि पंचायत की ओर से यहां नाली का निर्माण करवाया गया था, लेकिन मकान मालिक द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लेने के कारण नाली व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

## गणनीआर्यिका विज्ञाश्री माता के सानिध्य में दीक्षार्थियों की गोद भराई हुई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विद्याश्री माता के सानिध्य में मूल नायक श्रीसुपार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई।

सुबह महावीर प्रसाद, नवीन, लोकेश काला, महुआ को मूलनायक श्रीसुपार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा करने का सौभाग्य मिला।

इस अवसर पर विज्ञाश्री माता ने जीवन जीने की कल बताते हुए कहा कि हर कार्य को विधि पूर्वक करने एवं सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए। विविक्त मति माता ने कहा कि दीक्षार्थि बहनें मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ रही है जो निश्चित अपना जीवन का कल्याण करेगी।

अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने बताया कि सुधा सागर संयम भवन में समाज के पुरुष- महिलाओं ने दीक्षार्थी बहनों की बारी-बारी से गोद भराई कर अपने को धन्य किया। श्री गंगवाल ने बताया कि दीक्षार्थी बहनों की दीक्षा 6 मई को आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी में होगी।

इस अवसर पर सोहनलाल गंगवाल, माणकचंद बाकलीवाल, राजकुमार बड़जात्या, अशोक छाबड़ा, वृद्धि चंद बड़जात्या,निर्मल जैन सहित कई धर्मालुगण उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधानसभा में गूंजा राशन घोटाले का मुद्दा, विधायक गोपाल खंडेलवाल ने उठाए सवाल

### लाडपुरा में 90.41 क्विंटल गेहूं गबन का मामला, मंत्री बोले दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलंबित, एफआईआर दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में अपने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों में हो रहे भ्रष्टाचार और गेहूं के गबन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक खंडेलवाल ने ग्राम पंचायत लाडपुरा और बरुंधनी में राशन वितरण में अनियमितताओं को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री से तीखे सवाल किए।

विधायक खंडेलवाल ने सदन को बताया कि ग्राम पंचायत लाडपुरा में उचित मूल्य दुकानदार रेणु कुमारी मीणा द्वारा राशन वितरण में धांधली की गई है। विभागीय जांच में करीब 90.41 क्विंटल गेहूं का गबन सामने आया है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बावजूद संबंधित दुकानदार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश है।

सदन में बोलते हुए विधायक खंडेलवाल ने कहा, 'जब भ्रष्टाचार सिद्ध हो चुका है और 90 क्विंटल से अधिक गेहूं गायब पाया गया है, तो दोषियों को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है? गरीबों के हक के अनाज की चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'

इस पर जवाब देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि लाडपुरा के मामले में विभाग ने संबंधित दुकानदार का प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया है और एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। हालांकि मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए प्रक्रिया जारी है।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पुनः जोर देते हुए मांग की कि विभाग न्यायालय में मजबूती से पक्ष रखे, ताकि राशन माफियाओं पर सख्ती से लगाम लग सके और जरूरतमंदों को उनका हक मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में



भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी दोषी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

# होली पर्व पर भीलवाड़ा में निषेधाज्ञा लागू, 10 से 17 मार्च तक हथियार, विस्फोटक और उत्तेजक नारेबाजी पर प्रतिबंध

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने पर भी कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

होली से जुड़े शीतला सप्तमी, अष्टमी और रंगतेरस जैसे पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधु ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की संपूर्ण सीमा (शहरी व ग्रामीण) क्षेत्र में 10 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक पदार्थ या आग्नेय अस्त्र-शस्त्र जैसे रिवॉल्वर, पिस्टल, बंदूक, राइफल आदि लेकर नहीं घूम सकेगा और न ही उनका प्रदर्शन कर सकेगा। इसके अलावा तलवार, भाला, कृपाण, कटार,



प्रतीकात्मक इमेज

गंडासा, फरसा, छुरी, बाघनख जैसे धारदार हथियार तथा घातक लाठियां और ज्वलनशील पदार्थों से भरे गुब्बारे भी सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंधित रहेंगे।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचाने वाले उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगाएगा और न ही भड़काऊ भाषण देगा। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पेम्पलेट, पोस्टर या प्रचार सामग्री का मुद्रण, वितरण या प्रसार भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही लाउडस्पीकर, एम्पलीफायर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भी इस प्रकार के प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी।

जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखने की बात कही है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या भड़काऊ सामग्री का प्रसार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात बैंक सुरक्षा कर्मियों, सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सशस्त्र पुलिस और सिविल पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही सिख समुदाय को धार्मिक परंपरा के अनुसार कृपाण रखने की छूट दी गई है। इसके अलावा शस्त्र अनुज्ञा-पत्र नवीनीकरण या निरीक्षण के लिए हथियार ले जाने तथा दिव्यांग व बीमार व्यक्तियों द्वारा सहारे के लिए लाठी उपयोग करने पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी नागरिकों से आदेशों की पालना करने की अपील की है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार यह आदेश 10 मार्च से 17 मार्च तक पूरे जिले में प्रभावी रहेगा।

# गोवा में अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट की द्विसत्रीय बैठक सम्पन्न

### सनातन धर्म व सिंधु संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर मंथन, राम नाम लेखन पुस्तिका वितरण का प्रस्ताव पारित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की द्विसत्रीय बैठक गोवा में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन अमरधाम उदासीन आश्रम, उल्हासनगर (महाराष्ट्र) के महंत स्वामी अर्जनदास के सान्निध्य में किया गया।

बैठक का प्रथम मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ। इसके बाद कार पूजन और भगवान श्रीचंद्र जी की पूजा के साथ बैठक की औपचारिक शुरुआत की गई।

संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हंसदास जी (रीवा) ने बताया कि बैठक में देशभर के सिंधी टिकाणों (सनातन मंदिरों) में सनातन धर्म, सनातन संस्कृति और सिंधु संस्कृति की परंपराओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत खिमियादास जी ने सभी संतों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिवर्ष नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) का उत्सव अवश्य मनाएं। इसके साथ ही रामनवमी, हनुमान जयंती, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, नवरात्रि, पितृपक्ष सहित सिंधु संस्कृति के पर्व थधड़ी, गोग्यो, टीजड़ी, महालक्ष्मी आदि पर भी विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएं।

बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि मंदिरों में नियमित रूप से सामूहिक




हनुमान चालीसा पाठ, सत्यनारायण कथा, एकादशी कथा, सुंदरकांड पाठ तथा यज्ञ-हवन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही श्रीमद्भागवत महापुराण, श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस के पाठ, सत्संग-प्रवचन, भजन-कीर्तन और भजन संध्या के माध्यम से धर्म का प्रचार-प्रसार किया जाए। बच्चों में धार्मिक संस्कार विकसित करने के लिए संध्या गुरुकुलम शुरू करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी ने राम नाम लेखन पुस्तिका छपवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि देशभर के सभी सिंधी टिकाणों के माध्यम से राम नाम लेखन पुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी तथा लेखन करने वालों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए महंत स्वामी स्वरूपदास जी (अजमेर), महंत स्वामी हनुमानराम (पुष्कर) और स्वामी हंसदास उदासी (रीवा) की त्रिसदस्यीय समिति गठित की गई।

बैठक के दूसरे सत्र में धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। संतों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं में सनातन धर्म, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के प्रति पर्याप्त जानकारी का अभाव होने के कारण ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। संतों ने समाज को जागरूक करने और ऐसे मामलों में समाज की एकजुटता तथा प्रशासन के सहयोग से कार्य करने पर जोर दिया।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम ने कहा कि सभी संतों को धर्म रक्षा के लिए आगे आना होगा और समाज में फैल रही कुरीतियों के विरुद्ध खुलकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

बैठक में आगामी छह माह में अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्रीरामलला मंदिर के दर्शन तथा तीन दिवसीय संत सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

अंत में दिवंगत महापुरुषों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था की ओर से महामंत्री स्वामी हंसदास जी ने गोवा बैठक के आयोजक महंत स्वामी अर्जनदास जी द्वारा आवास, भोजन और परिवहन की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम (भीलवाड़ा), संरक्षक महंत श्यामदास (किशनगढ़), राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत खिमियादास (सतना), राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हंसदास जी (रीवा), कोषाध्यक्ष महंत स्वरूपदास जी (अजमेर), मुख्य सलाहकार महंत अर्जनदास जी (उल्हासनगर) सहित प्रदेश कार्यकारिणी से महंत हनुमानराम (पुष्कर), महंत अर्जुनदास (अजमेर), महंत गुलराज (जयपुर), महंत तुलसीदास (भोपाल), साध्वी परमानंदा (गोधरा), स्वामी सरूपदास (रीवा), संत नारायणदास (कोटा), संत संतदास (इंदौर) सहित कई संत-महापुरुष उपस्थित रहे।

# चलती बाइक में छिपे जहरीले सांप ने युवक को डसा, अस्पताल में भर्ती

## सीट के नीचे छिपा था सॉ-स्केल्ड वाइपर, अचानक हमला कर हाथ और कमर पर काटा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित।** कोटा शहर में सोमवार रात चलती बाइक में छिपे एक जहरीले सांप ने युवक को डस लिया। अचानक हुए इस हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार नयागांव क्षेत्र निवासी योगेश, जो लाइट का काम करता है, सोमवार रात अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर पीछे बैठकर लाइट का सामान लेकर जा रहा था। इसी दौरान बाइक की सीट के नीचे छिपे एक जहरीले सांप ने



अचानक हमला कर दिया। सांप ने युवक के हाथ की अंगुली और कमर के पास दो जगह काट लिया।
हमले के बाद युवक को अचानक तेज दर्द और जलन महसूस हुई। उसने तुरंत अपने दोस्त से बाइक रुकवाई। जांच करने पर बाइक के अंदर सांप छिपा हुआ दिखाई दिया, जिसे देखकर दोनों घबरा गए। इसके बाद युवक को तुरंत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। घटना की सूचना मिलने पर स्नेक कैचर गोविंद शर्मा मौके पर पहुंचे और बाइक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक के अंदर से जहरीले सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। बाद में सांप को जंगल में छोड़ दिया गया।
स्नेक कैचर गोविंद शर्मा ने बताया कि बाइक में मिला सांप सॉ-स्केल्ड वाइपर प्रजाति का था। यह आकार में छोटा होता है, लेकिन बेहद जहरीला और आक्रामक माना जाता है। यह सांप अधिकतर रात के समय सक्रिय रहता है और अक्सर झाड़ियों, पत्थरों या वाहनों के अंदर छिपकर बैठ जाता है।

# विधानसभा में जैन साधु-साध्वियों के लिए विहार धाम हेतु भूमि आवंटन का मुद्दा उठाया

## विधायक अशोक कोठारी ने ऋषभ नवमी पर ऐच्छिक अवकाश व प्रतियोगिताएं कराने की भी रखी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में जैन समाज के साधु-साध्वियों के विहार और चातुर्मास के लिए विहार धाम हेतु भूमि आवंटन का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। पर्ची के माध्यम से उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जैन संत समाज की अनमोल धरोहर हैं और उनके विहार तथा चातुर्मास के लिए प्रदेश में समुचित व्यवस्था होना आवश्यक है।
विधायक कोठारी ने कहा कि जैन साधु-साध्वियां वर्ष में लगभग आठ माह पैदल एक स्थान से दूसरे स्थान तक विहार करते हैं और वर्षाकाल के चार माह एक स्थान पर रहकर चातुर्मास के दौरान प्रवचन देते हैं। उनके पास न तो कोई आश्रम होता है और न ही वाहन, इसलिए विहार के दौरान उन्हें ठहरने के लिए उपयुक्त स्थानों की आवश्यकता होती है।
उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र में जैन संतों के चातुर्मास के लिए भूमि आवंटन की घोषणा की थी। इस संबंध में अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों को जैन साधु-साध्वियों के विहार, ठहराव और प्रवचनों के लिए भूमि आवंटित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।
कोठारी ने कहा कि राजस्व एवं स्वायत्त शासन विभाग के बीच समन्वय की कमी और आदेशों में स्पष्टता नहीं होने के कारण दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रदेश में विहार धाम के लिए भूमि आवंटन नहीं हो पाया है।
उन्होंने कहा कि विहार धाम नहीं होने से जैन साधु-साध्वियों को लंबी दूरी तक पैदल विहार करना पड़ता है और कई बार दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने सरकार से आदेशों का सरलीकरण कर पूरे राजस्थान में विहार धाम के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने की मांग की।
विधायक कोठारी ने जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक 'ऋषभ नवमी' 12 मार्च के अवसर पर राज्य के विद्यालयों और महाविद्यालयों में भगवान ऋषभदेव के जीवन पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित



कराने तथा इस दिन ऐच्छिक अवकाश घोषित करने की भी मांग की।
इस दौरान विधानसभा में प्रस्तुत 'महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक 2025' का समर्थन करते हुए कोठारी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय कोचिंग, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और खेल प्रबंधन जैसे विषयों में बेहतर अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए ग्रामीण खेल विकास सेल, पदक विजेता खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, स्पोर्ट्स साइंस सेंटर तथा पैरा और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष सुविधाएं शुरू करने का सुझाव भी दिया। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने विधायक कोठारी की बातों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने खेलों को गहराई से समझा है।
वहीं 'राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026' का समर्थन करते हुए कोठारी ने कहा कि यह संशोधन लोकतंत्र को अधिक व्यापक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने वाली धारा हटाने से हजारों योग्य लोगों के लिए लोकतंत्र के द्वार खुलेंगे। साथ ही 'खतरनाक रोग' की परिभाषा से कुष्ठ शब्द हटाना मानव गरिमा और समानता के संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप है। विधायक कोठारी ने कहा कि इन सभी प्रस्तावों और सुझावों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग की भावनाओं का सम्मान करना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाना है।

# मरुधरा माहेश्वरी संस्थान का होली स्नेह मिलन एवं गणगौर महोत्सव सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मरुधरा माहेश्वरी संस्थान का होली स्नेह मिलन एवं गणगौर महोत्सव शास्त्री नगर माहेश्वरी भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमे चंग धमाल की प्रस्तुति टीमों द्वारा दी गई। होली गीतों के साथ क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह भी खूब रहा। मैच का आनंद एलईडी स्क्रीन पर खूब उठाया। आगन्तुक मेहमानों का स्वागत अध्यक्ष दिनेश राठी व मंत्री नारायण बाहेती द्वारा किया गया। संस्थान के राधाकिशन सोमानी, नंदकिशोर झंवर, राधेश्याम सोमानी,



मुरारीलाल बियानी, दामोदर सिंगी, श्रीवल्लभ चांडक, हनुमान प्रसाद दमानी, कैलाश तापड़िया, रतनलाल बाहेती, मेघराज बाहेती, महेश हुरकट, सत्यनारायण काबरा, जगदीश सोनी, हेमराज बजाज, सागरमल राठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजेश बिहानी, महेश जाजू, राजेश बाहेती का विशेष सहयोग रहा। महिला दिवस के अवसर पर मरुधरा महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की विशेष थीम 'रिश्तों का रंग' रखी गई, जिसमें ट्विनिंग विथ ट्रेडिशन और डांस ड्रामा की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई। डांस ड्रामा प्रतियोगिता में बहनों की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मातृशक्ति की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में श्वेता भूतड़ा और प्रियाल भूतड़ा विजेता रहीं। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर मरुधरा महिला मंडल की अध्यक्षा मनीषा झंवर एवं सचिव इशिता झंवर ने सभी प्रतिभागियों का खूब उत्साहवर्धन किया। अंत में मंत्री नारायण बाहेती ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मेवाड़ चैम्बर में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर एवं मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में मेवाड़ चैम्बर भवन में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के पारंपरिक पेशा वर्ग जैसे सुथार, सुनार, राजमिस्त्री, कुम्हार, मोची, लुहार, नाई आदि से जुड़े 100 से अधिक सूक्ष्म उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान उद्यमियों को उद्यम प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण की प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि




प्रधानमंत्री की यह योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके उत्पादों और सेवाओं के लिए शुरू से अंत तक समग्र सहायता प्रदान करने की दूरदर्शी पहल है। इसके तहत कारीगरों और शिल्पकारों को 'विश्वकर्मा' के रूप में मान्यता दी जा रही है और उन्हें योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से जो कारीगर पहले दूसरों के यहां नौकरी करते थे, वे अब स्वयं सक्षम बनकर दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। लीड बैंक मैनेजर अशोक पांडे ने उद्यमियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के.के. मीणा ने जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान गजानंद बोहरा ने उपस्थित लाभार्थियों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने उत्पादों को देश-विदेश के ग्राहकों तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेवाड़ चैम्बर के संयुक्त सचिव एन.के. जैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक मधुकर शर्मा ने आभार व्यक्त किया। सेमिनार में बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थी, उद्यमी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### धनवाड़ा ही रहेगा पंचायत मुख्यालय, एसएलपी खारिज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** राज्य सरकार द्वारा परिसीमन के दौरान माल का खेड़ा क्षेत्र में नवसृजित धनवाड़ा पंचायत को चुनौती देने वाली एसएलपी खारिज होने के बाद अब पंचायत मुख्यालय धनवाड़ा ही रहेगा।
माल का खेड़ा के पूर्व सरपंच प्रकाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि धनवाड़ा पंचायत बनाने के निर्णय के खिलाफ ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय उन्द्रो का खेड़ा बनाने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। ग्रामीणों का तर्क था कि उन्द्रो का खेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा राजस्व गांव है और मुख्य सड़क पर स्थित होने के कारण पंचायत मुख्यालय वहीं बनाया जाना चाहिए।
वहीं दूसरी ओर धनवाड़ा तथा आसपास के गांवों के ग्रामीण धनवाड़ा को ही पंचायत मुख्यालय बनाए रखने के पक्ष में थे।
मामले में उच्च न्यायालय ने इस निर्णय में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। इसके साथ ही अब धनवाड़ा को ही पंचायत मुख्यालय बनाए रखने का रास्ता साफ हो गया है। निर्णय आने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भीलवाड़ा महात्मा गांधी अस्पताल के नर्सिंग कर्मियों में रोष, एक साल से समय पर नहीं मिल रहा वेतन

#### नर्सेज एसोसिएशन ने चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महात्मा गांधी चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों को पिछले एक वर्ष से समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा ने सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नर्सिंग कर्मी आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर होंगे।
एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग कर्मचारियों का वेतन पिछले एक साल से अनियमित रूप से दिया जा रहा है। कभी वेतन दो से तीन महीने में एक बार मिलता है, तो कभी महीने की पहली तारीख को वेतन जारी नहीं किया जाता।
इस अनियमितता के कारण नर्सिंग कर्मियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई कर्मचारियों के लिए घर का खर्च चलाना और बैंक या अन्य लोन की किस्तें समय पर चुकाना मुश्किल हो गया है।
नर्सेज एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद भी प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे कर्मचारियों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है।
एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया है कि यदि समय पर वेतन भुगतान की व्यवस्था नहीं की गई तो जिलेभर के नर्सिंग कर्मी उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी।

### लक्ष्मीनाथ मंदिर निर्माण के लिए 1.01 लाख रुपये की भेंट

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में मंगलवार को लक्ष्मीनाथ भगवान मंदिर के निर्माण कार्य के लिए श्रद्धालु द्वारा 1 लाख 1 हजार रुपये की राशि भेंट की गई।



मंदिर के पुजारी दिनेश जोशी ने बताया कि कस्बे के ही सत्यनारायण पुत्र शंकरलाल भुवालिया ने मंदिर निर्माण के लिए यह राशि समर्पित की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कस्बे के प्रमुख लक्ष्मीनाथ भगवान मंदिर का नवनिर्माण कार्य चल रहा है और मंदिर का निर्माण सफेद संगमरमर से किया जा रहा है। भेंट की गई राशि मंदिर निर्माण कार्य में उपयोग में ली जाएगी।
इस अवसर पर मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश उपाध्याय, समिति सदस्य बंशीलाल पुरोहित, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, विमल कुमार आचार्य, सुनील तिवाड़ी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला माहेश्वरी सभा चुनाव प्रक्रिया शुरू, चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति

#### रतन लाल मंडोवरा बने जिला मुख्य चुनाव अधिकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशानुसार आगामी सत्र के श्रंखलाबद्ध संगठन के चुनाव हेतु महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा ने पश्चिमांचल





माहेश्वरी सभा हेतु चुनाव अधिकारी राधेश्याम सोमानी (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द.रा. प्रदेश माहेश्वरी सभा) को नियुक्त किया। जिला सभा मंत्री रमेश चंद्र राठी ने बताया की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी रतन लाल मंडोवरा, चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण सोमानी एवं तेजकरण बहेडिया को नियुक्त कर जिला सभा, नगर/तहसील, क्षेत्रीय सभा, ग्राम सभा के चुनाव संपादित करवा कर के अंचल के चुनाव अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा अप्रैल 2026 तक तहसील सभाओं/नगर सभाओं के चुनाव कराने एवं जून 2026 तक जिला सभा के चुनाव कराने के निर्देश दिए। भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आगामी सत्र के चुनाव हेतु तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। सभा पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए अनुभवी सदस्यों को चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव अधिकारी संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और निर्धारित नियमों के अनुसार चुनाव संपन्न कराएंगे। साथ ही जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे संगठन की परंपरा और अनुशासन को बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।